# बिहार विधान परिषद

(198वां मानसून सत्र)

## 28 जुलाई 2021

----

**[सामान्य प्रशासन - राजस्व एवं भूमि सुधार - पर्यटन - नगर विकास एवं आवास - सहकारिता - खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण - सूचना एवं जनसम्पर्क - आपदा प्रबंधन - मंत्रिमंडल सचिवालय - निगरानी - निर्वाचन सूचना प्रौद्योगिकी ].**

**कुल प्रश्न 17**

----

### किसानों को मुआवजा

*18 **मो. फारूक (विधान सभा):**

**आपदा प्रबंधन :-**

क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला के सभी प्रखंडों में यास तूफान से किसानों को आम, लीची, केला तथा मक्का की सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद हुई है एवं करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है जिससे लघु एवं सामान्य किसानों की आर्थिक कमर टूट चुकी है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार शिवहर जिला के किसानों का सर्वेक्षण कराकर यास तूफान से प्रभावित किसानों को मुआवजा देना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

### अनुग्रह राशि का भुगतान

*19 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**आपदा प्रबंधन :-**

क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परिहार प्रखंड के खतवे टोला

(धरहरवा) के श्री रणजीत मंडल की मृत्यु दिनांक- 18.7.2020 को धरहरवा स्थित बहादुर पुल के समीप स्नान करने के क्रम में डूबने से मौत हो गई;

(ख) क्या यह सही है कि मृतक के आश्रित परिजन को अबतक अनुग्रह राशि नहीं मिल पाई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतक के आश्रित परिवार को यथाशीघ्र चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि का भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## जल-जमाव से निजात

*20 **श्री संजय प्रकाश (विधान सभा):**

**नगर विकास एवं आवास :-**

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में हुए प्रथम बारिश में राज्य पानी-पानी हो गया;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के लगभग सभी जिला के मुख्यालय में भारी जल-जमाव की समस्या बनी हुई है;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य की राजधानी के सभी प्रमुख मुहल्ले जल-जमाव का शिकार हो गए हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक इससे निजात दिलाने के लिए सम्यक योजना बनाना चाहती है?

----

## सड़क का निर्माण

*21 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

**नगर विकास एवं आवास :-**

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना शहर के अंतर्गत फुलवारी प्रखंड के पटना बाईपास में अमित होटल से आगे स्वयंवर उत्सव हॉल, तेज प्रताप नगर मुख्य सड़क से लेकर पाइप फैक्ट्री होते हुए महावीर कॉलोनी मुख्य सड़क काफी जर्जर है तथा इसमें बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जिनमें पानी भरा रहता है;

(ख) क्या यह सही है कि गड्ढों में पानी और कीचड़ रहने के कारण यहां की लगभग 2 लाख की पिछड़ी, अति पिछड़ी, दलित एवं महादलित समाज के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली

आबादी, मुख्यतः बीमार मरीजों, बच्चों, महिलाओं एवं वृद्धों को बाईपास मुख्य सड़क तक आने-जाने में बरसात के दिनों में काफी कठिनाई होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सड़क स्वयंवर उत्सव हॉल, तेज प्रताप नगर से लेकर महावीर कॉलोनी मुख्य सड़क का निर्माण एक माह के अंदर कराने का विचार रखती है?

----

## आवासीय भवन का निर्माण

*22 **संजय सिंह (मनोनीत):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार :-**

क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि महामहिम राज्यपाल के आदेश से अधिसूचना संख्या-4857, दिनांक- 23.06.1993 के द्वारा पटना जिला में अथमलगोला प्रखंड का गठन करते हुए निदेश दिया गया कि नवगठित अथमलगोला प्रखंड का मुख्यालय अथमलगोला में रहेगा;

(ख) क्या यह सही है कि खण्ड 'क' में वर्णित अधिसूचना के विपरीत प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय एवं आवासीय भवन के निर्माण हेतु जिस स्थल का चयन किया जा रहा है, वह लोक प्रचलित ठंठा नदी क्षेत्र है, जो वर्ष के करीब चार महीने तक जलमग्न रहता है;

(ग) क्या यह सही है कि अथमलगोला ग्राम पंचायत वर्तमान में रामनगर करारी कच्छार के रूप में निदेशित है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड 'ग' में वर्णित क्षेत्र में अथमलगोला प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय व आवासीय भवन का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अनुदान राशि का भुगतान

*23 **डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

**आपदा प्रबंधन :-**

क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) दैनिक जागरण में दिनांक- 12 जनवरी, 2021 को प्रकाशित शीर्षक **"मकेर के युवक की कोलकाता में नदी में डूबने से हुई मौत"** पर आपका ध्यान आकृष्ट किया जाता है; (प्रेस कतरण संलग्न)

(ख) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत मकेर प्रखण्ड के ग्राम+पो०- भाथा, थाना- मकेर के सुखदेव सहनी की मृत्यु दिनांक- 09.01.2021 को कोलकाता में नदी में डूबने से हो गई है;

(ग) क्या यह सही है कि मृतक की पत्नी सुनीता देवी अत्यन्त ही गरीब परिवार से आती है तथा उन्हें छोटे-छोटे बच्चे भी हैं;

(घ) क्या यह सही है कि मृतक के मरने के बाद उनकी पत्नी सुनीता देवी द्वारा अनुग्रह अनुदान की राशि के लिए आवेदन पूर्व में ही सारे कागजात के साथ अंचलाधिकारी मकेर को दे दिया गया है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुखदेव सहनी की पत्नी मोस्मात सुनीता देवी को चार लाख रुपये की अनुदान राशि का भुगतान यथाशीघ्र करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## गोलम्बर एवं अंडरपास

***24 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

**नगर विकास एवं आवास :-**

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के न्यू जगनपुरा चौराहा के पास गोलम्बर नहीं रहने के कारण प्रायः गाड़ियां उल्टी दिशा में होकर गुजरती हैं जिससे लोगों को बाइपास पार होकर आर.एम.एस. कॉलोनी जाने के क्रम में दुर्घटना की संभावना बनी रहती है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त स्थल के पास अंडरपास भी नहीं बना हुआ है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार न्यू जगनपुरा चौराहा के पास गोलम्बर एवं अंडरपास बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पी.सी.सी. का निर्माण

***25 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**नगर विकास एवं आवास :-**

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के फुलवारी प्रखंड स्थित न्यू मिल्लत कॉलोनी सेक्टर- 3 मठ से पूरब एवं दक्षिण रोड नं.- 01A में मो. रेयाज एवं मो. सेराज के घर से लेकर मो. बादशाह मुखिया होते हुए नन्दू ठीकेदार के आगे मठ पर ट्रांसफार्मर के पास

मो. जावेद दुकानदार तक जल निकासी की सुदृढ़ व्यवस्था नहीं रहने के कारण नाला का पानी रोड पर बहता रहता है;

(ख) क्या यह सही है कि यहां बरसात के दिनों में उक्त गली एवं रोड पर जल-जमाव एवं भरे नाली के गंदे पानी के कारण बच्चे, महिलायें एवं बुजुर्गों को चलने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) क्या यह सही है कि जल-जमाव के कारण उक्त रोड की स्थिति भी जर्जर हो चुकी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नालों की सफाई, मरम्मती एवं जल निकासी की समस्या का स्थायी निदान तथा उक्त जर्जर रोड का पी.सी.सी. निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## रैयती जमीन को मुआवजा

*26 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार :-**

क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत नौबतपुर प्रखंड के ग्राम- उदयपुरा महादलित बस्ती को आवागमन हेतु तिसखोरा पक्की सड़क से सम्पर्क पथ नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के अन्तर्गत सभी ग्रामीण टोला को पक्की सड़क से जोड़ने की योजना है;

(ग) क्या यह सही है कि महादलित बस्ती को पक्की सड़क हेतु अपनी जमीन नहीं है क्योंकि ये लोग भूमिहीन हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महादलित बस्ती को पक्की सड़क से जोड़ने हेतु रैयती जमीन को मुआवजा देकर खरीदना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## बिजली का दुरुपयोग

*27 **श्री ललन कुमार सर्राफ (मनोनीत):**

**नगर विकास एवं आवास :-**

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के विभिन्न शहरों/नगर निकायों में रात्रि के समय

अप्रिय घटनाओं से बचाव हेतु हाई मास्ट लाइट लगाई गई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त लगाई गई हाई मास्ट लाइट दिन में भी जलती रहती है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त लगाई गई हाई मास्ट लाइट को बुझाने के लिए स्वीच लगाये गये हैं और इसको दिन में बुझाने के लिए संबंधित कर्मी की नियुक्ति भी की गई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाना चाहती है कि राज्य के विभिन्न शहरों/नगर निकायों में लगाई गई हाई मास्ट लाइट दिन में भी किस परिस्थिति में जलती रह जाती है तथा उसके बुझाने के लिए सरकार की ओर से कौन-सी व्यवस्था की गई है, जिससे अनावश्यक बिजली का दुरुपयोग न हो सके ?

----

## जमीन का वितरण

*28 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार :-**

क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि भू-हदबंदी (सिलिंग) से संबंधित राज्य के विभिन्न न्यायालयों में 784 वाद लम्बित रहने के कारण 71586.433 एकड़ जमीन अभी तक सुयोग्य श्रेणी के परिवारों के बीच वितरित नहीं हो सकी है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वादों का त्वरित निष्पादन कराकर शेष जमीन को सुयोग्य श्रेणी के परिवारों के बीच वितरित कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## राशि का आवंटन

*29 **डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

**नगर विकास एवं आवास :-**

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना के पानी निकासी एवं आवागमन की सुविधा हेतु नगर विकास विभाग के पत्रांक- 1779, दिनांक- 20.11.2019 के आलोक में पटना नगर निगम के पाटलिपुत्र अंचल ने पटना के वार्ड सं०- 1 एवं 6 के पानी निकासी हेतु सर्वे नाला जो राजीवनगर रोड नं०- 15 ई साईं स्वीट्स के पास ट्रांसफरमर से रोड नं०- 8 'डी' (डी.एम.खटाल) के पास होते हुए रोड नं०- 8 नया सिक्स लाइन के बड़ा नाला में मिलता है, उस पर स्थल जांचकर आर०सी०सी ड्रेन एवं सड़क निर्माण हेतु 93,82,400.00 रुपये

का प्राक्कलन तैयार करने के पश्चात् निगम की स्थायी समिति की 40वीं, दिनांक-24.02.2020 की बैठक में इस योजना को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना नगर निगम ने दिनांक- 10.06.2020 को जो निविदा निकाली उसमें इस योजना के 93,82,400.00 रुपये को भी शामिल किया गया, लेकिन राशि के अभाव में इस योजना का अभीतक कार्य आरंभ नहीं हो सका;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त जगह पर कुछ वर्षों पुराना नाला जो भर चुका है, उस पर निगम अब सड़क खोदकर पानी निकासी कर रहा है, जिससे आवागमन अवरुद्ध हो गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार अविलंब उक्त राशि को आवंटित कर कार्य प्रारंभ करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## वेंडिंग जोन एवं पार्किंग

*30 **श्री संजय प्रकाश (विधान सभा):**

**नगर विकास एवं आवास :-**

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के कदमकुआं सब्जी मंडी में वेंडिंग जोन एवं पार्किंग बनना है;

(ख) क्या यह सही है कि इसके लिए 4 करोड़ 11 लाख 31 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतब वेंडिंग जोन का काम पूरा कर जोन एवं पार्किंग बनाना चाहती है?

----

## सड़क का पुनर्निर्माण

*31 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

**नगर विकास एवं आवास :-**

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि लखीसराय नगर परिषद् के वार्ड नं.- 30 में नगर परिषद् द्वारा अनुमोदित महान स्वतंत्रता सेनानी किसान नेता स्वामी सहजानन्द सरस्वती के नाम पर पथ का निर्माण किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क की स्थिति जर्जर हो चुकी है, फलतः आवागमन

में काफी कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सार्वजनिक हित में क्या सरकार खण्ड 'क' में वर्णित सड़क का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## अनुकम्पा के आधार पर नौकरी

*32 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**नगर विकास एवं आवास :-**

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बांकीपुर अंचल, पटना नगर निगम, पटना के वार्ड सं०- 38 में अमर राम, सफाई पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत थे;

(ख) क्या यह सही है कि अमर राम, सफाई पर्यवेक्षक का देहान्त अपने सेवाकाल में बीमारी की इलाज के दौरान दिनांक- 26.09.2011 को हो गई;

(ग) क्या यह सही है कि श्री राम के आश्रित पुत्र अभिमन्यु राम के द्वारा अनुकम्पा के आधार पर नौकरी हेतु संबंधित कागजात सहित सारी औपचारिकताएं पूरी कर नगर निगम के कार्यालय में 19.12.2011 को जमा कराये 10 वर्षों से अधिक हो गया है;

(घ) क्या यह सही है कि अमर राम के पुत्र अभिमन्यु राम विगत कई वर्षों से सुनवाई नहीं होने के कारण, श्री राम के परिवार के समक्ष भुखमरी का संकट उत्पन्न हो गया है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में श्री अभिमन्यु राम को योग्यता के अनुसार अनुकम्पा के आधार पर नौकरी दिलाकर दलित एवं निर्धन परिवार के सदस्यों को भुखमरी की संकट से निजात दिलाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## समायोजन कबतक

*33 **डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

**सहकारिता :-**

क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास अभियंत्रण कोषांग उत्तरी बिहार प्रमंडल 18 में कार्यरत रामकेवल राम कार्यभारित चौकीदार के पद पर कार्यरत थे;

(ख) क्या यह सही है कि उत्तरी बिहार प्रमंडल आजाविनी को वर्ष 2002 में निगम में इस कोषांग को बंद कर दिया है, जिसके कारण रामकेवल राम चौकीदार की सेवा समाप्त कर दी गई;

(ग) क्या यह सही है कि माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा एल.पी.ए.नं-73/2009, दिनांक- 19.07.2011 पारित आदेश के आलोक में विभाग द्वारा आजतक समायोजन नहीं किया गया है जिसके कारण श्री राम के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में रामकेवल राम का समायोजन कराकर भुखमरी से बचाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## स्थायी समाधान

*34 **श्री संजय प्रकाश (विधान सभा):**

**नगर विकास एवं आवास :-**

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राजधानी पटना में मीठापुर सब्जी मंडी सबसे पुरानी सब्जी मंडी है;

(ख) क्या यह सही है कि वहां बराबर जल-जमाव रहता है और इसी कारण कोरोना काल में इसे स्टेडियम में ले जाया गया लेकिन वहां भी जल-जमाव के कारण सब्जी विक्रेताओं को बहुत दिक्कत हुई;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इस जल-जमाव की समस्या का स्थायी समाधान कबतक करना चाहती है?

----